


# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 506 वर्ष 40 राँची, 31 जुलाई, 2016

## झारखंड में निवेश और व्यापार की अपार संभावनायें – सीएमडी




'स्टेट कोनक्लेव' में सम्बोधित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

विगत 23 जुलाई को रांची स्थित रेडिसन ब्लू में इंडिया टुडे द्वारा आयोजित "स्टेट ऑफ द स्टेट कोनक्लेव" में सीएमडी श्री गोपाल सिंह " द फ्युचर ऑफ एंट्रेप्रेनयोरशीप एंड बिजनेस लीडरशिप इन झारखंड" सत्र में शामिल हुए। सत्र में हुइ परिचर्चा के दौरान श्री सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य को प्रकृति ने विशेष रूप से गढ़ा है और यहां विकास के सभी जरूरी संसाधन मौजूद है जैसे खनिज, जंगल, प्राकृतिक–संसाधन, मानव संसाधन, टूरिज्म और सरकार की सकारात्मक सोच एवं सहयोग। इसलिए वर्तमान में झारखंड राज्य में निवेश और व्यापार की अपार संभावनायें हैं। श्री सिंह ने सीसीएल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनायें जैसे कि कौशल विकास के अंतग्र तकनीकी कोर्स – आईटीआई, स्वरोजगार हेतु–मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, स्पोट्स एकेडमी, शिक्षा, चिकित्सा आदि पर प्रकाश डालते हुए राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे सहयोग की भी चर्चा की। उन्होंने अपसर्जित कोयला खदानों में लगभग 25 बिलियन क्यूबिक मीटर उपलब्ध जल का पेयजल के रूप में उपयोग किए जाने की बात कही। श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल ने पिछले वित्तीय वर्ष में न सिर्फ 61 मिलियन टन से अधिक कोयला के उत्पादन किया है बल्कि लगातार दूसरे वर्ष डबल डिजिट ग्रोथ भी अर्जित की। उन्होंने ये भी बताया कि 2019–20 तक सीसीएल 200 मिलियन टन तक कोयला उत्पादन करने की क्षमता रखता है।

## मुख्यालय में "आपका दरबार" का आयोजन

विगत 28 जुलाई को सीसीएल मुख्यालय के "विचार मंच" में "आपका दरबार" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री पी के तिवारी की उपस्थिति में सीसीएल कर्मियों द्वारा सुझाव पेटी में दिए गए सुझावों एवं शिकायतों पर विचार–विमर्श कर उचित कारवाई हेतु संबंधित विभाग/अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।




'आपका दरबार' में सम्बोधित करते निदेशक (तक./संचा.) श्री पी. के. तिवारी

श्री तिवारी ने प्रत्येक सुझाव/शिकायतों को स्वयं पढ़ा और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से इनपर उचित कार्यवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी कर्मियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि इन सुझाव/शिकायतों से प्रमाणित होता है कि सीसीएल कर्मी कंपनी के विकास एवं इसे बेहतर बनाने के लिए जागरूक हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में 30 सुझाव/शिकायतों पर विचार–विमर्श किया गया।

## सीसीएल का झारखंड सरकार के साथ समझौता ज्ञापन

विगत 29 जुलाई को सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र तथा झारखंड सरकार के विशेष सचिव (श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास) श्री राकेश कुमार सिन्हा ने माननीय मंत्री श्री राज पलीवार (श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास) के उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया।

झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने राज्य के आईटीआई के नवीनीकरण, रख–रखाव एवं संचालन हेतु सीएसआर के अंतर्गत अभियान चलाया है। इस सीएसआर योजना के अंतर्गत सीसीएल ने आईटीआई, ईटखोरी (चतरा) को गोद लिया है। आईटीआई, ईटखोरी का निर्माण झारखंड सरकार द्वारा किया गया है और इस नव–निर्मित आईटीआई भवन को सीसीएल को संचालन के लिए दिया जाएगा और फर्निचर प्रशिक्षण संबंधी सामग्री/मशीन आदि की व्यवस्था सीसीएल करेगा।

आईटीआई ईटखोरी में तीन ट्रेड–इलेक्ट्रिशियन, मीटर मैकेनिक एवं कम्प्यूटर हार्डवेयर/नेटवर्क मेन्टेनेन्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक ट्रेड में 21–21 बच्चों का नामांकन किया जाएगा। उपरोक्त प्रशिक्षण केन्द्र में परियोजना प्रभावित परिवार, एससी/एसटी एवं गरीब परिवार के बच्चें दाखिला ले सकेंगे।



राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ निदेशक (का.) समझौता ज्ञापन करते हुए

## सीसीएल की लाडली – नए सत्र का शुभारंभ

विगत 26 जुलाई को सीसीएल गांधीनगर, कांके रोड स्थित छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र ने "सीसीएल के लाल" और "सीसीएल की लाडली" के नए सत्र (2016–18) का शुभारंभ किया।



निदेशक (का.) श्री आर. एस. महापात्र, नए सत्र के बच्चों के साथ

श्री महापात्र ने उपस्थित सभी छात्र–छात्राओं का परिचय प्राप्त किया और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि उनके सुनहरे भविष्य की नींव आज रखी जा रही है। अतः अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु उन्हें पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई करनी होगी। श्री महापात्र ने बच्चों से पूछा कि उनका लक्ष्य क्या है तो सभी ने एक स्वर से कहा कि उन्हें आईआईटी में प्रवेश पाना है। "सीसीएल के लाल" की सफलता को देखते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह के मार्गदर्शन में इस वर्ष से लड़कियों के लिए भी यह योजना शुरू की गई। "सीसीएल की लाडली"की प्रथम बैच मे 11 बच्चियां अगले दो वर्ष तक इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। इन सभी का डीएवी, गांधीनगर में नामांकन कराया गया है। सीसीएल के पांच अधिकारियों – श्री एस सी विश्वकर्मा, श्री एस एल घोष, श्री जितेन्द्र कुमार, श्री अखिलेश कुमार एवं श्री एन श्रीवास्तव द्वारा "सीसीएल के लाल" और "सीसीएल की लाडली" के छात्र–छात्राओं को कोचिंग दी जा रही है।

## श्री फूल झा "विजिलेंस एक्सलेंस एवार्ड" से सम्मानित



श्री फूल झा केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त से अवार्ड ग्रहण करते हुए

विगत 08 जुलाई को हैदराबाद में विजिलेंस स्टडी सर्कल द्वारा एक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीसीएल के सतर्कता विभाग के वरीय प्रबंधक (खनन) श्री फूल झा को प्रतिष्ठित "विजिलेंस एक्सलेंस एवार्ड (Vigilance Excellence Award)" से सम्मानित किया गया। पुरस्कार केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त श्री के वी चौधरी ने उन्हें प्रदान किया। "अपनी बात" की ओर से हार्दिक बधाई!

## "सीसीएल के लाल" का देश के प्रख्यात इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला

"सीसीएल के लाल" के 2014–16 बैच के 8 (आठ) बच्चों ने देश के प्रख्यात इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला पाया है, जो इस प्रकार है: 1. आदित्य मितल, आईएसएम, धनबाद 2. गणेश कुमार, एनआईटी, त्रिचि 3. सुमम गौरव, एनआईटी, जमशेदपुर 4. सुधांशु कुमार, एनआईटी, जमशेदपुर 5. मोहित झा, एनआईटी, जमशेदपुर 6. निखिल कुमार, एनआईटी, जमशेदपुर 7. संजय साहू, बीआईटी, मेसरा 8. शायन मुखर्जी, बीआईटी, मेसरा 9. श्रवण कुमार, बीआईटी, मेसरा साथ ही 2013–15 बैच के अमीत कुमार को आईआईटी, खड़गपुर में दाखिला मिला है।




सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)